उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 672 ..... दिनांक /Date: 01.10.2020

संवाद–50

विषयः– टंकण/आशुलेखन परीक्षा के आयोजन हेतु निर्धारित तिथियों के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड के अधीन दीवानी एवं कुटुम्ब न्यायालयों में समूह "ग" के अन्तर्गत **कनिष्ठ सहायक (पद कोड–133)** के रिक्त 288 पदों तथा **आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक (पद कोड–134)** के रिक्त 41 पदों अर्थात 329 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु **दिनांक 01 दिसम्बर, 2019 एवं** विभिन्न विभागों में **आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक (पद कोड–07)** के पदों पर भर्ती हेतु **दिनांक 06 नवम्बर, 2016** को लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करायी गयी थी।

उक्त पद कोड–133 एवं 134 की लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर आयोग के द्वारा पूर्व में विज्ञप्ति संख्या–206 दिनांक 25 जून, 2020 एवं पद कोड–07 की लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर विज्ञप्ति संख्या–650 दिनांक 30 सितम्बर, 2020 के द्वारा टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग के वैबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित की गई हैं।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत पद कोड–133, 134 एवं पद कोड–07 में टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जायेगी :–

क्रं. सं.	पदनाम	पद कोड	लिखित परीक्षा तिथि	परीक्षा	टंकण/आशुलेखन परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि
1	कनिष्ठ सहायक	133	01 दिसम्बर, 2019	टंकण परीक्षा	दिनांक 12–10–2020 दिनांक 13–10–2020 दिनांक 14–10–2020
2	आशुलिपिक/ वैयक्तिक सहायक	134		टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा	दिनांक 03–11–2020 से दिनांक 07–11–2020 तक
3	आशुलिपिक वैयक्तिक सहायक	07	06 नवम्बर, 2016	टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा	दिनांक 03–11–2020 से दिनांक 07–11–2020 तक

उक्त टंकण/आशुलिपि परीक्षा के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र **दिनांक 05.10.2020** से आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये जायेंगे। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते है।

(संतोष बडोनी)
सचिव।